विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर:-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 3 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि किसानों के धान क्रय करने हेतु दिन प्रतिदिन कई नियम क्यों बदल जाते हैं, कभी उन्हें टोकन लेने के लिए कहा जाता है जबकि कभी टोकन प्रणाली खत्म कर दी जाती है? | खरीफ क्रय सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व धान क्रय नीति जारी की जाती है। क्रय नीति के अन्तर्गत धान की खरीद की जाती है। धान क्रय प्रारम्भ होने के पश्चात फील्ड स्तर पर कृषकों के धान खरीद में आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत कृषक हित में क्रय नीति में सक्षम स्तर से यथाआवश्यक बदलाव किये जाते हैं। |
| (ख) क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए किसानों के धान विक्रय की सुविधा हेतु कोई नई योजना है? | खरीफ क्रय सत्र 2022-23 में भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय हेतु क्रय नीति निर्गत किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| (ग) यदि हाँ, तो क्या? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।